जहाँ बुज़ूरग खुश रहें

**On Lok PACE**
**निजता संबंधी पद्धतियों का नोटिस (NOTICE OF PRIVACY PRACTICES)**

लागू होने की तारीख: 1 जनवरी, 2025

**इस नोटिस में उल्लेख किया गया है कि आपसे संबंधित चिकित्सीय/स्वास्थ्य जानकारी का कैसे उपयोग और प्रकटीकरण किया जा सकता है तथा आप कैसे इस जानकारी तक पहुँच प्राप्त कर सकते हैं।**

**कृपया इसे ध्यानपूर्वक पढ़ें।**

कानून के तहत, हमें आपकी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी की निजता की अवश्य रक्षा करनी चाहिए। हमें आपकी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी को गुप्त रखने के अपने कानूनी कर्तव्यों और तरीकों का यह पूर्ण नोटिस आपको अवश्य देना चाहिए। यह नोटिस बुजुर्गों की पूर्ण-समावेशी देखरेख संबंधी कार्यक्रम (Program of All-Inclusive Care for the Elderly - PACE) के अंतर्गत नामांकन, पात्रता और भुगतान के लिए आपकी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के हमारे उपयोग और साझाकरण के साथ-साथ आपको हमारे PACE कार्यक्रम, On Lok PACE के अंतर्गत उपचार देने के लिए आपकी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के हमारे उपयोग और साझा करने पर लागू होता है।

## I. <u>उपचार, भुगतान, और स्वास्थ्य देखरेख कार्य के लिए उपयोग और जारी करना</u>

नीचे उन विभिन्न तरीकों की सूची दी गई है जिनसे हम उपचार, भुगतान और स्वास्थ्य देखरेख कार्य के लिए आपकी संरक्षित स्वास्थ्य संबंधी जानकारी (protected health information, PHI) का उपयोग कर सकते हैं या इसे सौंप सकते हैं।

**<u>उपचार के लिए</u>** – हम आपकी PHI का उपयोग और सुपुर्दगी आपको उपचार और सेवाएं देने, तथा आपकी देखरेख का प्रबंधन करने के लिए करेंगे। हम आपकी PHI उन अन्य लोगों या संगठनों के साथ भी साझा कर सकते हैं जो आपकी देखरेख का भाग हैं। आपकी PHI का उपयोग आपकी देखरेख करने वाले चिकित्सकों तथा नर्सों और गृह स्वास्थ्य सहायकों के साथ-साथ शारीरिक थेरेपिस्टों, समाज सेवियों, निजी देखरेख सहायकों, या ऐसे अन्य लोगों द्वारा किया जा सकता है जो आपकी देखरेख का भाग हैं। उदाहरण के लिए, आपकी देखरेख करने वाले दल के सदस्य, जिनमें आपका प्रारंभिक देखरेख प्रदाता, कोई पंजीकृत नर्स, कोई समाज सेवी, शारीरिक और व्यावसायिक थेरेपिस्ट तथा अन्य देखरेखकर्ता शामिल हैं, आपकी देखरेख की योजना के बारे में बातचीत करेंगे तथा आपको उपलब्ध कराई गई देखरेख के बारे में किन्हीं विशेषज्ञों से संपर्क करेंगे।

हम आपकी आने वाली अपाइंटमेंट्स या अन्य स्वास्थ्य संबंधी लाभों और सेवाओं के बारे में आपसे संपर्क करने के लिए आपकी जानकारी का उपयोग या साझा कर सकते हैं। हम आम तौर पर आपसे फ़ोन कॉल द्वारा संपर्क करेंगे, लेकिन यदि आपने हमें आपको टेक्स्ट मैसेज या ईमेल भेजने की अनुमति दी है, तो हम





© 2020 On Lok Senior Health Services. All rights reserved. This material is proprietary and the sole property of On Lok Senior Health Services (“On Lok”). This material may not be disclosed, reproduced, distributed, or otherwise used without On Lok’s permission.

आपसे इस तरह से संपर्क कर सकते हैं। कृपया सूचित रहें कि टेक्स्टिंग और ईमेल द्वारा सम्प्रेषण द्वारा पूरी तरह से सुरक्षित (अनएन्क्रिप्टेड) नहीं हो सकता है और इसमें कुछ जोखिम शामिल हैं। आप इस नोटिस में दी गई संपर्क जानकारी पर हमें सूचित करके या अपने सामाजिक कार्यकर्ता से संपर्क करके किसी भी समय सम्प्रेषण करने के लिए ईमेल और टेक्स्ट मैसेजिस के उपयोग के लिए अपनी सहमति को रद्द कर सकते हैं।

**भुगतान के लिए** – हम आपकी PHI का उपयोग और सुपुर्दगी बिलिंग और भुगतान के कारणों से कर सकते हैं। हम आपकी संरक्षित स्वास्थ्य संबंधी जानकारी (PHI) आपके निजी प्रतिनिधि; किसी बीमा या प्रबंधित देखरेख कंपनी; या मेडिकेयर, मेडि-कल, या कैलिफोर्निया स्वास्थ्य देखरेख सेवा विभाग, PACE कार्यक्रमों का प्रबंधन करने के प्रभारी राज्य संगठन को सौंप सकते हैं। उदाहरण के लिए, हम यह निर्णय लेने के लिए कि आप अब भी PACE कार्यक्रम सेवाओं के पात्र हैं या नहीं संभवत: मेडिकेयर या कैलिफोर्निया स्वास्थ्य देखरेख सेवा विभाग के साथ PHI साझा कर सकते हैं।

**स्वास्थ्य देखभाल संबंधी कार्रवाइयों के लिए** – हम स्वास्थ्य देखभाल संबंधी कार्रवाइयों के लिए आवश्यकतानुसार आपकी PHI का इस्तेमाल कर सकते हैं और बाहर दे सकते हैं। इस काम में प्रबंधन, प्रशासनिक सेवाएँ, शिक्षा, प्रशिक्षण, देखभाल की गुणवत्ता और सुधार संबंधी गतिविधियाँ शामिल होती हैं। उदाहरण के लिए, हम उपचार के बारे में जानकारी का इस्तेमाल करेंगे ताकि हम देखभाल की गुणवत्ता को मापने के लिए काम कर सकें। हम आपकी स्वास्थ्य जानकारी को On Lok PACE के लिए ऑडिट और कानूनी सेवाएँ प्रदान करने वाले किसी अन्य संगठन के साथ शेयर कर सकते हैं। कृपया आश्वस्त रहें कि इन संगठनों के लिए आपकी जानकारी की सुरक्षा करना आवश्यक है।

## II. आपकी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के विशिष्ट उपयोग और इसे साझा करना

नीचे उन तरीकों की सूची दी गई है जिनसे हम आपकी PHI का उपयोग कर सकते हैं या इसे साझा कर सकते हैं।

**आपकी देखरेख या आपकी देखरेख के भुगतान में शामिल व्यक्ति** – जब तक कि आप असहमत न हों, तब तक हम आपकी PHI आपके परिवार के सदस्य, घनिष्ठ निजी मित्र, या आपकी पहचान के किसी अन्य व्यक्ति, जैसे पादरी, जो आपकी देखरेख में भागीदारी करता है, के साथ साझा कर सकते हैं।

**आपातस्थितियाँ** – हम आपातकालीन उपचार की परिस्थितियों में आपकी PHI का आवश्यकता के अनुसार उपयोग कर सकते हैं और इसे साझा कर सकते हैं।

**कानून द्वारा अपेक्षित होने पर** – हम आपकी PHI को तब उपयोग और साझा कर सकते हैं जब कानून की अपेक्षा हो कि हमें इसे साझा करना है।

**व्यवसाय के सहयोगी** – हमारे व्यवसाय के सहयोगी वे लोग या संगठन होते हैं जिनके साथ हम काम करते हैं। वे ऐसे व्यक्ति या संगठन होते हैं जो हमें सेवाएं देते हैं या उनका प्रबंधन करते हैं। इन साझेदारों के साथ काम करने का कभी-कभी यह अर्थ हो सकता है कि हमें आपकी स्वास्थ्य संबंधी संरक्षित जानकारी अवश्य साझा करना होगी। हम आपकी PHI किसी ऐसे साझेदार के साथ साझा कर सकते हैं जिसे On Lok PACE के लिए सेवाएं देने के लिए जानकारी की आवश्यकता हो। हमारे साझेदारों को यह जानकारी अवश्य गुप्त रखनी चाहिए।



21-09-01 (rev. 01/25)

© 2020 On Lok Senior Health Services. All rights reserved. This material is proprietary and the sole property of On Lok Senior Health Services (“On Lok”). This material may not be disclosed, reproduced, distributed, or otherwise used without On Lok’s permission.

**<u>स्वास्थ्य जानकारी का आदान-प्रदान  (Health Information Exchange)</u>** – हम आपकी जानकारी को उपलब्ध करवा सकते हैं और आपकी देखभाल में सुधार के लिए अन्य प्रदाताओं और संगठनों से आपकी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। ऐसा करने के लिए, On Lok PACE OCHIN के साथ एक संगठित स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था (organized health care arrangement) का हिस्सा है। OCHIN एक व्यावसायिक सहयोगी के रूप में On Lok PACE और अन्य संगठनों को सूचना प्रौद्योगिकी और संबंधित सेवाएँ प्रदान करता है। संगठित स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था के चिकित्सा उपचार या स्वास्थ्य देखभाल संचालन उद्देश्यों के लिए आवश्यक होने पर हम आपकी व्यक्तिगत स्वास्थ्य जानकारी अन्य OCHIN भागीदार संगठनों या स्वास्थ्य जानकारी का आदान-प्रदान (health information exchange) के साथ साझा कर सकते हैं। OCHIN के साथ भागीदारी करने वाले संगठनों की सूची www.ochin.org पर उपलब्ध है। स्वास्थ्य देखभाल संचालन में, अन्य बातों के अलावा, आपके द्वारा प्राप्त क्लीनिकल देखभाल को बेहतर बनाने के लिए आपके ज़िप कोड का इस्तेमाल करना शामिल हो सकता है। व्यक्तिगत स्वास्थ्य जानकारी में अतीत, वर्तमान और भविष्य की चिकित्सा जानकारी शामिल हो सकती है और इसे लागू होने वाले कानून के अनुरूप प्रकट किया जाएगा।

OCHIN गुणवत्ता मूल्यांकन और सुधार गतिविधियों में भी मदद करता है। उदाहरण के लिए, OCHIN सर्वोत्तम अभ्यास मानकों को विकसित करने और इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड सिस्टम के उपयोग से आने वाले क्लीनिकल लाभों का आकलन करने के लिए अपने सहयोगी संगठनों की ओर से क्लीनिकल समीक्षा गतिविधियों का समन्वय करता है। OCHIN मरीज़ रेफ़रल प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए अपने सहयोगी संगठनों को मिलकर काम करने में भी मदद करता है। आप On Lok के गोपनीयता विभाग से संपर्क करके शेयर की जाने वाली कुछ जानकारी को सीमित करने का चयन कर सकते हैं। On Lok के गोपनीयता विभाग की संपर्क जानकारी इस दस्तावेज़ के अनुभाग VI में दी गई है।

**<u>जन स्वास्थ्य कार्यकलाप</u>** – हम आपकी PHI संभवत: जन स्वास्थ्य कार्यकलापों के लिए साझा कर सकते हैं। इन कार्यकलापों में निम्न शामिल हो सकते हैं, उदाहरण के लिए, बीमारी, चोट, या अपंगता को रोकने या नियंत्रित करने के लिए जन स्वास्थ्य संगठन को रिपोर्ट करना; बुजुर्गों से दुर्व्यवहार करने या उनकी उपेक्षा करने की रिपोर्ट करना; या मृत्यु की रिपोर्ट करना।

**<u>दुर्व्यवहार, उपेक्षा, या घरेलू हिंसा के पीड़ितों की रिपोर्ट करना</u>** – यदि हमें विश्वास हो कि आप घर में दुर्व्यवहार, उपेक्षा या हिंसा के शिकार रहे हैं, तो हम कानून की अनुमति होने पर, या यदि आप रिपोर्ट करने के लिए सहमत हों, तो किसी सरकारी संगठन को सूचित करने के लिए आपकी PHI का उपयोग कर सकते हैं और इसे सौंप सकते हैं।

**<u>स्वास्थ्य निगरानी कार्यकलाप</u>** – हम कानून द्वारा अनुमत कार्यकलापों के लिए आपकी PHI किसी स्वास्थ्य निगरानी संगठन के साथ साझा कर सकते हैं। इन कार्यकलापों में लेखा-परीक्षाएं, जाँचें, निरीक्षण और लाइसेंस प्रदान करने की कार्रवाईयाँ, या ऐसे कार्यकलाप शामिल किए जा सकते हैं जिनमें स्वास्थ्य देखरेख प्रणाली की सरकार द्वारा निगरानी शामिल है।

**<u>स्वास्थ्य या सुरक्षा को गंभीर खतरे की रोकथाम करने के लिए</u>** – आपके स्वास्थ्य या सुरक्षा, अथवा जनता या किसी अन्य व्यक्ति के स्वास्थ्य या सुरक्षा के किसी गंभीर खतरे की रोकथाम करने के लिए आवश्यकता पड़ने पर, हम आपकी PHI को उपयोग और साझा कर सकते हैं, इसे किसी ऐसे व्यक्ति को साझा करने तक सीमित कर सकते हैं जो जोखिमकारी खतरे को धीमा करने या रोकने में सक्षम है।



© 2020 On Lok Senior Health Services. All rights reserved. This material is proprietary and the sole property of On Lok Senior Health Services (“On Lok”). This material may not be disclosed, reproduced, distributed, or otherwise used without On Lok’s permission.

**<u>अदालती या कानूनी कार्रवाईयाँ</u>** – हमें आपकी PHI तब साझा करने की आवश्यकता पड़ सकती है यदि हमें अदालती या कानूनी आदेश मिलता है। हम आपकी PHI तब भी साझा कर सकते हैं यदि हमें सम्मन, खोज अनुरोध, या अन्य कानूनसम्मत आदेश मिला हो जब कुछ खास शर्तें पूरी की गई हों। इन परिस्थितियों में PHI की सुरक्षा करने का अनुरोध करने अथवा इसका आदेश या करार प्राप्त करने के बारे में आपसे संपर्क करने के प्रयास करना शामिल हैं।

**<u>कानून लागू करना</u>** – हम कानून लागू करने के कुछ उपयोगों के लिए आपकी PHI जारी कर सकते हैं जैसे, उदाहरण के लिए, रिपोर्ट करने की आवश्यकताओं में सहयोग करने; अदालत के आदेश, वारंट का पालन करने या ऐसे ही समान कानूनी उपयोग के लिए; या अपराधों के बारे में जानकारी के लिए कुछ अनुरोधों का जवाब देने के लिए।

**<u>अनुसंधान</u>** – हम आपकी PHI अनुसंधान के उद्देश्यों के लिए तब उपयोग और साझा कर सकते हैं यदि अनुसंधान संबंधी अध्ययन किया जा चुका हो, अनुमोदित किया जा चुका हो, और आपकी जानकारी को गुप्त रखने के योग्य पाया गया हो; यदि अनुसंधानकर्ता अनुसंधान की योजना तैयार करने में जानकारी एकत्र कर रहा हो; यदि अनुसंधान आपकी मृत्यु के बाद किया जाए; या यदि आप सहमत हों कि जानकारी साझा की जा सकती है।

**<u>मृत्यु-समीक्षक, चिकित्सा जाँचकर्ता, अंत्येष्टि निदेशक, अंग खोजी संगठन</u>** – हम आपकी PHI मृत्यु - समीक्षक, चिकित्सा जाँचकर्ता, अंत्येष्टि निदेशक या, यदि आप कोई अंगदाता हैं, तो अंगों और ऊतक के दान के प्रभारी किसी संगठन को सौंप सकते हैं।

**<u>आपदा राहत</u> –** हम आपकी PHI किसी आपदा राहत संगठन के साथ साझा कर सकते हैं।

**<u>सैन्य, भूतपूर्व सैनिक, और अन्य विशिष्ट सरकारी उपयोग</u>** – यदि आप सशस्त्र सेना के सदस्य हैं, तो हम तब आपकी PHI का उपयोग कर सकते हैं और इसे साझा कर सकते हैं यदि सेना को इसकी आवश्यकता हो। हम राष्ट्र की सुरक्षा के उद्देश्यों से, या यदि अमेरिका के राष्ट्रपति या किसी अन्य खास अधिकारी की सुरक्षा करने के लिए आवश्यक हो, या कुछ विशेष प्रकार की जाँचें करने के लिए आपकी PHI सुपुर्द कर सकते हैं।

**<u>कामगार क्षतिपूर्ति</u>** – हम उन कानूनों का पालन करने के लिए आपकी PHI का उपयोग कर सकते हैं और इसे साझा कर सकते हैं जिनका संबंध कामगारों की क्षतिपूर्ति या ऐसे समान कार्यक्रमों से है।

**<u>कैदी/कानून लागू करने संबंधी हिरासत</u>** – यदि आप किसी कानून लागू करने वाले अधिकारी या सुधारात्मक संस्था की हिरासत में हैं, तो हम आपके और अन्यों के स्वास्थ्य और सुरक्षा सहित कुछ उद्देश्यों के लिए संस्था या अधिकारी के साथ आपकी PHI साझा कर सकते हैं।

**<u>चंदा जुटाने के कार्यकलाप</u>** – हम चंदा जुटाने के उद्देश्यों के लिए कुछ सीमित संपर्क सूचना का उपयोग कर सकते हैं और इसे साझा कर सकते हैं। हम संपर्क सूचना किसी ऐसे संगठन को दे सकते हैं जो हमारे PACE कार्यक्रम के साथ काम करता है, जब तक कि चंदा जुटाने के किसी भी संदेश में चंदा जुटाने के भविष्य के संदेशों की मनाही करने के आपके अधिकार के बारे में पूरी तरह समझाया गया हो। हमें आपके मनाही के अनुरोध को स्वीकार करना होगा।



© 2020 On Lok Senior Health Services. All rights reserved. This material is proprietary and the sole property of On Lok Senior Health Services (“On Lok”). This material may not be disclosed, reproduced, distributed, or otherwise used without On Lok’s permission.

**<u>आनुवंशिक जानकारी</u>** – हमें आपकी PHI का उपयोग करने या इसे साझा करने की अनुमति नहीं है यदि इसमें जोखिम अंकन उद्देश्यों के लिए आनुवंशिक जानकारी दी गई हो।

## III. <u>आपकी सहमति के साथ उपयोग और प्रकटीकरण</u>

हम निम्नलिखित के लिए आपकी सहमति माँगेंगे: (1) मनश्चिकित्सा नोटों के अधिकांश उपयोग और साझाकरण (जैसा कि स्वास्थ्य बीमा सुवाह्यता और जवाबदेही अधिनियम (Health Insurance Portability and Accountability Act - HIPAA) द्वारा परिभाषित है); (2) विपणन उद्देश्यों के लिए आपकी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के उपयोग और साझा करना; तथा (3) ऐसा साझा करना जिसका अर्थ आपकी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी की बिक्री होगा। इस नोटिस में किए गए उल्लेख के सिवाय, हम आपकी PHI का आपकी लिखित सहमति से ही उपयोग करेंगे और साझा करेंगे। आप सहमति को किसी भी समय लिखित में रद्द कर सकते हैं। यदि आप सहमति को रद्द करते हैं, तो हम आपकी सहमति में आपके द्वारा दिए गए कारणों के लिए आपकी PHI को आगे उपयोग या साझा नहीं करेंगे, सिवाय जहाँ हम पहले ही सहमति पर निर्भर हो चुके हैं।

## IV. <u>आपकी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के संबंध में आपके अधिकार</u>

नीचे आपकी PHI के संबंध में आपके अधिकार सूचीबद्ध हैं। इनमें से प्रत्येक अधिकार निश्चित आवश्यकताओं, सीमाओं, और अपवादों पर आधारित है। इन अधिकारों का उपयोग करने के लिए, आपको एक लिखित प्रपत्र On Lok PACE को सौंपने की आवश्यकता हो सकती है। यदि आप अनुरोध करते हैं, तो On Lok PACE आपको भरने के लिए सही प्रपत्र देगा।

**<u>सीमाओं के बारे में पूछताछ करना</u>** – आपको उपचार, भुगतान, या स्वास्थ्य देखरेख कार्य के लिए आपकी PHI के हमारे उपयोग और साझा करने संबंधी सीमाओं के बारे में पूछताछ करने का अधिकार प्राप्त है। आपको उस स्वास्थ्य संबंधी जानकारी की सीमाओं के बारे में पूछताछ करने का अधिकार भी प्राप्त है जो हम आपके बारे में आपके परिवार के ऐसे सदस्य, मित्र, या किसी अन्य व्यक्ति, जो आपकी देखरेख, या आपकी देखरेख के भुगतान का भाग हो, से साझा करते हैं । हम On Lok PACE के भीतर आपके स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी के अपने उपयोग के तरीके पर आपके द्वारा अनुरोध की गई सीमाओं से सहमत होने के लिए बाध्य नहीं हैं। यदि आप किसी स्वास्थ्य देखरेख सेवा के लिए पूरा भुगतान करते हैं, और आप हमसे सेवा से संबंधित जानकारी, भुगतान या स्वास्थ्य देखरेख उपयोग के कारण से किसी स्वास्थ्य प्लान से साझा न करने का अनुरोध करते हैं, तो हम आपका अनुरोध मानेंगे। यदि आप हमसे संरक्षित स्वास्थ्य जानकारी का उपयोग सीमित करने का अनुरोध करते हैं, तो हम आपकी जानकारी का उपयोग सीमित कर देंगे यदि ऐसा करना संभव हो। यदि हम सीमाओँ के लिए आपके अनुरोध को स्वीकार करने के लिए सहमत हो जाते हैं, तो हम आपको आपातकालीन उपचार उपलब्ध कराने की आवश्यकता पड़ने के सिवाय या यदि यह वैध हो, आपका अनुरोध मानेंगे।

**<u>व्यक्तिगत स्वास्थ्य जानकारी तक पहुंच</u>** – आपको अपनी स्वास्थ्य जानकारी, नैदानिक और बिलिंग रिकॉर्ड, और अन्य लिखित जानकारी को देखने और उसकी एक कॉपी प्राप्त करने का अधिकार है, जिसका इस्तेमाल, कुछ अपवादों के साथ, आपकी देखभाल (आपका निर्दिष्ट रिकॉर्ड सेट) के बारे में निर्णय लेने के लिए किया जा सकता है। अगर आप ऐसा चाहते हैं तो आपको इसे लिखित में मांगना होगा। अधिकांश मामलों में, हम आपके द्वारा मांगी गई जानकारी की कॉपी बनाने और उसे मेल करने में होने वाली लागत के



© 2020 On Lok Senior Health Services. All rights reserved. This material is proprietary and the sole property of On Lok Senior Health Services (“On Lok”). This material may not be disclosed, reproduced, distributed, or otherwise used without On Lok’s permission.

लिए उचित शुल्क ले सकते हैं, बशर्ते कि यह कानूनी रूप से मान्य हो। कृपया अपना अनुरोध हमें लिखित तरीके से भेजें:

**On Lok PACE**
**Attention: Health Information Management**
1333 Bush Street
San Francisco, CA 94109-5611
फैक्स: 415-346-1097

हम आमतौर पर आपके निर्दिष्ट रिकार्ड के एक या इससे अधिक सेट इलेक्ट्रॉनिक रूप में बनाते हैं, इसलिए आपको ऐसी जानकारी की एक इलेक्ट्रॉनिक प्रतिलिपि माँगने और प्राप्त करने का भी अधिकार प्राप्त है। आप हमसे एक प्रतिलिपि सीधे आपके द्वारा नामित किसी तीसरे-पक्षकार को भेजने का भी अनुरोध कर सकते हैं। अगर मान्य हो तो हम आपके अनुरोध को स्वीकार करने के लिए अपनी लागत के रूप में उचित शुल्क ले सकते हैं।

**परिवर्तन के लिए अनुरोध करना** – आपको अपनी उस PHI में परिवर्तनों का अनुरोध करने का अधिकार प्राप्त है जो On Lok PACE द्वारा रखी जाती है जब तक कि यह जानकारी On Lok PACE द्वारा या इसके लिए रखी जाती हो। यदि आप परिवर्तनों के लिए अनुरोध करते हैं, तो आपको वे लिखित में अवश्य देने चाहिए और इसका(के) कारण भी अवश्य देना(देने) चाहिए कि आप परिवर्तन क्यों करवाना चाहते हैं।

यदि आप परिवर्तनों के लिए अनुरोध करते हैं, तो हम तब उनकी अनुमति नहीं दे सकते हैं यदि जानकारी (a) On Lok PACE द्वारा तैयार नहीं की गई है, जब तक कि जानकारी तैयार करने वाला संभावित परिवर्तन करने के लिए अब यहाँ मौजूद  है; (b) यदि यह On Lok PACE द्वारा या इसके लिए रखी गई PHI का भाग नहीं है; (c) यदि यह उस जानकारी का भाग नहीं है जिसे प्राप्त करने की आपको अनुमति है; अथवा (d) यदि यह On Lok PACE द्वारा किए गए निर्णय के अनुसार पहले ही सत्य और पूर्ण है।

यदि आप परिवर्तनों का अनुरोध करते हैं और हम परिवर्तनों की आपकी इच्छा को अस्वीकार कर देते हैं, तो हम आपको लिखित अस्वीकृति देंगे जिसमें इसके कारण शामिल होंगे कि हम इसमें परिवर्तन क्यों नहीं करेंगे। हम आपको अस्वीकृति से आपके सहमत न होने के कारण के बारे में अनुरोध करने और लिखित बयान सौंपने में आपकी सहायता भी करेंगे।

**सुपुर्दगियों की सूची माँगना** – आपको अपनी PHI की कुछ सुपुर्दगियों की सूची माँगने का अधिकार प्राप्त है। यह PACE कार्यक्रम या अन्यों, जो हमारे साथ काम करते हैं, द्वारा की गई सुपुर्दगियों की सूची है, लेकिन इसमें उपचार, भुगतान, और स्वास्थ्य देखरेख उपयोगों के लिए की गई सुपुर्दगियाँ; आपकी सहमति के अनुसार की गई सुपुर्दगियाँ; तथा कुछ अन्य अपवाद शामिल नहीं हैं।

सुपुर्दगियों की सूची का अनुरोध करने के लिए, आपको अपने अनुरोध की तारीख से छह (6) वर्ष के भीतर आरंभ होने वाली समय-अवधि देते हुए लिखित में अनुरोध करना होगा। 12-महीने की अवधि के भीतर दी गई पहली सूची निःशुल्क होगी; अधिक अनुरोधों के लिए, हम आपको अपने खर्चों का बिल भेज सकते हैं।

**इस नोटिस की कागज़ी प्रतिलिपि माँगना** – आपको इस नोटिस की कागज़ी प्रतिलिपि प्राप्त करने का अधिकार प्राप्त है, चाहे आपने इस नोटिस की इलेक्ट्रॉनिक प्रतिलिपि प्राप्त करने की सहमति दे दी हो। आप



© 2020 On Lok Senior Health Services. All rights reserved. This material is proprietary and the sole property of On Lok Senior Health Services (“On Lok”). This material may not be disclosed, reproduced, distributed, or otherwise used without On Lok’s permission.

इस नोटिस की प्रतिलिपि किसी भी समय माँग सकते हैं। इसके अलावा, आप इस नोटिस की प्रतिलिपि हमारी वेबसाइट onlok.org/PACE पर भी प्राप्त कर सकते हैं।

**गुप्त संदेशों का अनुरोध करना** – आपको यह अनुरोध करने का अधिकार प्राप्त है कि हम आपके स्वास्थ्य के मामलों के बारे में आपके साथ किसी खास तरीके से संवाद करें। हम आपके उचित अनुरोधों को स्वीकार करेंगे।

## V. मनोरोग, नशीले-पदार्थ की लत, और HIV-संबंधी जानकारी की सुपुर्दगी के बारे में विशेष नियम

कैलिफोर्निया राज्य में ऐसे संरक्षित प्रकारों की स्वास्थ्य देखरेख संबंधी जानकारी होती है जिन्हें विशेष तरीकों से रखी और नियंत्रित किया जाता है। इस प्रकार की जानकारी में राज्य के खर्च पर मानसिक स्वास्थ्य उपचार, विकासात्मक अपंगता उपचार, नशीले पदार्थ/शराब की लत का उपचार, तथा HIV/AIDS उपचार संबंधी जानकारी शामिल है। प्रजनन स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, नशीले पदार्थ की लत, गर्भावस्था, रिपोर्ट करने योग्य रोगों, बलात्कार, या यौन हमले के लिए सेवाओं के लिए सहमत होने वाले 12 वर्ष से अधिक के नाबालिगों (बच्चों) के उपचार से संबंधित जानकारी की भी सुरक्षा की जाती है। हम राज्य के इन कानूनों के अंतर्गत निजता के आपके अधिकारों का पालन करते हैं।

## VI. अधिक जानकारी के लिए या शिकायत दर्ज करने के लिए

यदि इस नोटिस के बारे में आपके कोई प्रश्न हैं या आप निजता के अपने अधिकारों के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं, तो कृपया हमें निम्न पर कॉल करें या लिखें:

**On Lok PACE**
**Attention: Privacy Officer**
1333 Bush Street
San Francisco, CA 94109-5611
1-628-345-3426 (TTY: 711)
compliance@onlok.org

कैलिफोर्निया स्वास्थ्य देखरेख सेवा विभाग में शिकायत दर्ज कराने के लिए, संपर्क करें:

**Privacy Officer**
**California Department of Health Care Services**
P.O. Box 997413, MS 0010
Sacramento, CA 95899-7413
1-916-445-4646 या 1-877-735-2929 (TTY/TDD)

यदि आप मानते हैं कि आपके निजता के अधिकारों का हनन हुआ है, तो आप On Lok PACE में या अमेरिकी स्वास्थ्य और मानव सेवाएं विभाग (Department of Health and Human Services) में नागरिक अधिकार कार्यालय (Office for Civil Rights in the U.S. Department of Health and Human Services - OCR) में लिखित शिकायत दर्ज करा सकते हैं। हम शिकायत दर्ज कराने के लिए आपको दण्डित नहीं करेंगे।



21-09-01 (rev. 01/25)

© 2020 On Lok Senior Health Services. All rights reserved. This material is proprietary and the sole property of On Lok Senior Health Services (“On Lok”). This material may not be disclosed, reproduced, distributed, or otherwise used without On Lok’s permission.

OCR के यहाँ शिकायत दर्ज कराने के लिए, अपनी लिखित शिकायत Office for Civil Rights, U.S. Department of Health and Human Services, 200 Independence Avenue, S.W., Room 509F HHH Bldg., Washington, D.C. 20201 को डाक द्वारा भेजें या OCRComplaint@hhs.gov पर ईमेल द्वारा भेजें।

## VII. इस नोटिस में परिवर्तन

हमें इस नोटिस को अद्यतन (अपडेट) करने और इसमें परिवर्तन करने का अधिकार प्राप्त है। इस नोटिस में किए गए कोई भी परिवर्तन On Lok PACE द्वारा पहले ही प्राप्त की गई और रखी गई सभी PHI के साथ-साथ हमारे द्वारा भविष्य में प्राप्त होने वाली सभी PHI पर भी लागू होते हैं। यदि आप इसके लिए अनुरोध करेंगे, तो हम आपको परिवर्तित नोटिस की प्रतिलिपि देंगे।

## VIII. इस नोटिस में कौन शामिल है

On Lok PACE के सभी कर्मचारी, चिकित्सा स्टाफ, प्रशिक्षु, और स्वयंसेवक इस नोटिस का पालन करते हैं।

ऐसे अन्य स्वास्थ्य देखरेख प्रदाता भी इस नोटिस के दायरे में आते हैं जो रोगियों की देखरेख करने के लिए On Lok के सुविधा-केन्द्रों में आते हैं (जैसे चिकित्सक, थेरेपिस्ट, और ऐसे अन्य स्वास्थ्य देखरेख प्रदाता जो On Lok द्वारा नियोजित नहीं हैं), जब तक कि ये अन्य स्वास्थ्य देखरेख प्रदाता आपको निजता की पद्धतियों का उनका अपना नोटिस नहीं देते हैं जिसमें इसका उल्लेख किया गया हो कि वे आपकी चिकित्सीय/स्वास्थ्य संबंधी जानकारी की सुरक्षा कैसे करेंगे।

## IX. संगठित स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था(एँ)

On Lok PACE प्रौढ़ता संस्थान (Institute on Aging - “IOA”) के साथ एक संगठित स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था (Organized Health Care Arrangement – “OHCA”) में भाग लेता है और इस व्यवस्था के तहत उपचार, भुगतान और स्वास्थ्य देखभाल कार्रवाइयों के लिए आपकी स्वास्थ्य जानकारी शेयर कर सकता है।

Institute on Aging
3575 Geary Boulevard
San Francisco, CA 94118
415-750-4118
https://www.ioaging.org/



© 2020 On Lok Senior Health Services. All rights reserved. This material is proprietary and the sole property of On Lok Senior Health Services (“On Lok”). This material may not be disclosed, reproduced, distributed, or otherwise used without On Lok’s permission.